तेरी जय हो हे गणराज | By Varsha Shrivastava

तेरी जय हो हे गणराज
मेरे पूरण कीजो काज
उठो लम्बोदर आँखें खोलो
आई हूँ दर पे तेरे
नमन करू हे गणपति मेरे
हर लो संकट सारे
जय जय हो श्री गणेश
सारे कष्ट हरो विघ्नेश

कभी तो आओ मेरे घर भी
विनती है ये मेरी
कबसे बैठी आस लगा कर
राह निहारु तेरी
गौरी सूत ले आना संग में
ब्रह्मा विष्णु महेश
जय जय हो श्री गणेश
सारे कष्ट हरो विघ्नेश

शंकर सुत हे गौरी नंदन
हम है शरण तुम्हारी
तेरे दर्शन से हो जाते
पूरण काज हमारे
सिद्धिविनायक गणपति तेरे
भक्त करे जयकारे
जय जय हो श्री गणेश
सारे कष्ट हरो विघ्नेश

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%b9%e0%a5%8b-%e0%a4%b9%e0%a5%87-%e0%a4%97%e0%a4%a3%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%9c-by-varsha-shrivastava/